**A**

**SL. No. : R**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

**CCE RF REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H**

**Code No. : 85-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 29. 03. 2019 ]
[ Date : 29. 03. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ]
[ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**Tear here**

I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।

$10 \times 1 = 10$

1. 1909 में 'पृथक निर्वाचक कॉलेज' बनाने का कारण था

   (A) मुस्लिमों के लिए पृथक प्रतिनिधित्व प्रदान करना

   (B) यूरोपियनों के लिए पृथक चुनाव क्षेत्र बनाना

   (C) सिखों के लिए पृथक प्रतिनिधित्व प्रदान करना

   (D) ईसाइयों के लिए कुछ सीट आरक्षित करना

2. प्रथम एंग्लो-मैसूर युद्ध समाप्त हुआ था

   (A) मैसूर की संधि के साथ (B) मद्रास की संधि के साथ

   (C) मंगलोर की संधि के साथ (D) श्रीरंगपत्तन की संधि के साथ

3. 'न्यू इंडिया' समाचारपत्र कौन प्रारंभ किये ?

   (A) राजा राममोहन राय (B) महात्मा गाँधी

   (C) एनी बेसन्ट (D) दयानन्द सरस्वती

4. संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानवाधिकार घोषणापत्र कब अंगीकृत किया ?

   (A) 1945 (B) 1950

   (C) 1947 (D) 1948

5. संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद से संबंधित सही कथन है

   (A) इसमें 15 स्थायी सदस्य हैं

   (B) यह संयुक्त राष्ट्र संघ के कैबिनेट जैसा है

   (C) इसका मुख्यालय पेरिस में है

   (D) हाल ही में भारत स्थायी सदस्यता प्राप्त की है

6. अदृश्य क्षुधा ( hunger ) का संदर्भ है

(A) पोषण (B) कुपोषण

(C) अमीर लोगों की क्षुधा (D) संतुलित भोजन

7. काली मिट्टी शुष्क खेती के लिए उपयुक्त है क्योंकि

(A) यह अधिक वर्षा वाले क्षेत्र में होती है

(B) इसमें कम आर्द्रता प्रतिधारण क्षमता होती है

(C) इसमें उच्च आर्द्रता प्रतिधारण क्षमता होती है

(D) यह क्रिस्टलीय चट्टानों के अपक्षय से बनती है

8. दामोदर घाटी परियोजना की रचना का परिणाम है

(A) 'बंगाल का शोक' के रूप में दामोदर नदी और नहीं है

(B) भूस्खलन में वृद्धि

(C) भारी भूकम्प होना

(D) बहुत से प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों का डूब जाना

9. प्रत्यक्ष कर का उदाहरण है

(A) वैल्यू एडेड टैक्स (B) सेन्ट्रल एक्साइज टैक्स

(C) स्टाम्प ड्यूटी (D) सर्विस टैक्स

10. एक व्यक्ति 15 लाख रु० में एक कार खरीदता है । अब उसे कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कार कम्पनी उसे कोई जवाब नहीं दे रहा है । उस व्यक्ति की शिकायत कौन-सी एजेन्सी से होगी ?

(A) डिस्ट्रिक्ट कन्ज्यूमर फोरम (B) द स्टेट कन्ज्यूमर कमिशन

(C) द नेशनल कन्ज्यूमर कमिशन (D) इन्टर-स्टेट कन्ज्यूमर फोरम

II. निम्नलिखित प्रश्ना के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : 14 × 1 = 14

11. शुद्धि आन्दोलन क्यों शुरू हुआ ?

12. भारतीय सैनिकों ने रॉयल एनफिल्ड रायफल्स / गन्स के उपयोग का विरोध क्यों किया ?

13. सरदार वल्लभभाई पटेल को 'भारत का लौह पुरुष' कहा जाता है । क्यों ?

14. तिब्बती शरणार्थियों की समस्या का समाधान सरकार ने कैसे किया ?

15. प्रथम विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में कृषि क्षेत्र का उत्पादन कम हो गया । क्यों ?

16. निरस्त्रीकरण क्या है ?

17. 'द रिपब्लिक' पुस्तक किसने लिखी ?

18. देवदासी प्रथा एक अमानवीय प्रचलन है । क्यों ?

19. भारत के किस राज्य में अत्यधिक क्षेत्र में वन है ?

20. भारत के पूर्वी तट के नदी डेल्टा में किस तरह के वन पाए जाते हैं ?

21. निर्माण कम्पनियाँ एल्युमिनियम की अधिक माँग क्यों करती हैं ?

22. जनसंख्या घनत्व क्या है ?

23. 1993 में 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम क्यों पारित हुआ ?

24. 'विश्व उपभोक्ता दिवस' कब मनाया जाता है ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दा** से **चार** वाक्यों में दें : 15 × 2 = 30

25. बक्सर का युद्ध ब्रिटिश को सुविधा देने में बहुत सहायता की । सिद्ध करें ।

26. सहायक संधि भारतीय प्रांतों को कैसे नियंत्रित किया ?

27. ब्रिटिश सेना में भारतीय सैनिकों की स्थिति दयनीय थी । पुष्टि करें ।

28. प्रदत्त तस्वीर से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :



a) यह तस्वीर किनकी है ?

b) इन्होंने कौन-सी पुस्तक लिखी है ?

29. फासीवाद के क्या लक्षण हैं ?

**अथवा**

रूस के राष्ट्रपति के रूप में लेनिन की क्या उपलब्धियाँ हैं ?

30. विश्व के शक्तिशाली देशों में एक भारत को विवेचित किया जाता है । क्यों ?

31. भारत तथा चीन के बीच सीमा विवाद के चलते भी कैसे उनके संबंध को मजबूत किये हैं ?

32. भीड़ हिंसा ( Mob violence ) एक समाज-विरोधी क्रियाकलाप है । क्यों ?

33. दक्षिण भारत के मानचित्र में प्राकृतिक विभाजन अंकित है । उनके नाम लिखकर कोई दो आर्थिक महत्व लिखें ।



34. कैसे भारत की जलवायु एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न होती है ?

35. कृषि द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्रों के विकास में कैसे मदद करती है ?

36. आजकल भारत में ऊर्जा संकट एक प्रमुख समस्या है । क्यों ?

37. सड़क परिवहन रेल परिवहन से अच्छी है । पुष्टि करें ।

38. मानव विकास सूचक ( HDI ) का संरूपण आर्थिक विकास मापने के लिए अत्यावश्यक था। स्पष्ट करें ।

39. भूमंडलीकरण लोगों के स्वास्थ्य तथा खाने की आदत को प्रभावित करता है । कैसे ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

40. भारतीय इतिहास में 18 वीं शताब्दी ''राजनीतिक समस्याओं की शताब्दी'' थी । पुष्टि करें ।

**अथवा**

ब्रिटिश शिक्षा व्यवस्था भारतीयों की नई पीढ़ी में प्रगतिशील अभिवृत्ति उत्पन्न की है । पुष्टि करें ।

41. भारत में बेरोजगारी एक विशाल समस्या है । क्यों ?

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्यों का वर्णन करें ।

42. भारत में अस्पृश्यता उन्मूलन हेतु लिए गये वैध प्रावधानों का वर्णन करें ।

**अथवा**

संगठित श्रमिक क्षेत्र ( sector ) की विशेषताओं का वर्णन करें ।

43. उद्योग किसी देश के आर्थिक विकास में कैसे मदद करते हैं ?

**अथवा**

प्राकृतिक तथा मानव उत्प्रेरित बल भूस्खलन के कारण हैं । स्पष्ट करें ।

44. भारतीय रिजर्व बैंक के कार्य क्या हैं ?

**अथवा**

सार्वजनिक व्यय के लक्ष्य / उद्देश्य क्या हैं ?

45. एक उद्यमी के कार्यों की सूची बनायें ।

**अथवा**

बैंक खाता खोलने के लाभों की सूची बनायें ।

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

46. राष्ट्रीय स्वतंत्रता संघर्ष में किसानों द्वारा संगठित विरोध महत्वपूर्ण है । स्पष्ट करें ।

VI. 47. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : $1 + 3 = 4$

a) इन्दिरा कॉल

b) कावेरी नदी

c) दिल्ली ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 47 के बदले में )**

बहु-उद्देशीय नदी-घाटी परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? 4